# कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम(म0प्र0) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412—270555 फैक्स नं. 07412—270556

Email- commratlam@mpurban.gov.in Website- www.rmcratlam.in


क्रमांक 272 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 18—2—2022

## // बैठक कार्यवाही विवरण //

दिनांक 18—2—2022 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :—

1— श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री,
2— श्री मो0 हनीफ शेख, कार्यपाल7न यंत्री
3— श्री श्याम कुमार सोनी, प्र0 सहायक यंत्री,
4— श्री एम0के0 जैन, प्र0सहायक यंत्री
5— श्री एस0पी0 आचार्य, प्र0सहायक यंत्री
6— श्री राजेश पाटीदार, उपयंत्री
7— श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री
8— श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री,
9— श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री
10— सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उपयंत्री
11— श्री ए0पी0सिंह, जोन प्रभारी—3,
12— श्री धर्मेन्द्र दोगाया, उद्यान पर्यवेक्षक जोन प्र0 —2
13— श्री किरण चौहान, जोन प्रभारी जोन प्रभारी —1
14— श्री विनयसिंह चौहान, जोन प्रभारी, जोन प्रभारी —4
15— श्री अनिल खरे, सहा0वर्ग—3
16— श्री गोपाल झालिवाल, सहा0वर्ग—2
17— श्री विजय कपूर, स0रा0नि0
18— श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि
19— श्री इलियास मन्सूरी, स0रा0नि0
20— श्री एहसान खान, स0रा0नि
21— श्री महेश व्यास, स0रा0नि
22— श्री विष्णु कुमावत स0रा0नि
23— श्री दिनेश राठौर, सहा0वर्ग—3
24— श्री हरेश जोशी, सहा0वर्ग—3
25— श्री जितेन्द्र सिसोदिया,
26— श्री विराट मेहरा
27— श्री सोरभ काला,
28— श्री राकेश पाण्डे,

बैठक में उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों के समक्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अन्तर्गत सौपे गये दायित्वों, किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई तथा इस विषय में चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्देश दिये गये :—

1— स्वच्छता एप में प्राप्त शिकायतों का नियत समय में निराकरण किया जावे, 24 घंटे से अधिक जिस प्रभारी के क्षेत्र में शिकायत लंबित रहेगी उसके विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही—चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियोजित कर्मचारी)

2– फोन नं0 14420 पर प्राप्त शिकायतो को तत्काल संबंधित विभाग को प्रेषित की जावे संबंधित विभाग प्रमुख प्राथमिकता से उक्त शिकायतों कप निराकरण करें।

(कार्यवाही समस्त विभाग प्रमुख एवं अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी)

3– शहर के सभी प्रमुख नालो एवं नालियों का सफाई अभियान चल रहा है, नाले/नालियों का स्क्रिनिंग किया जाना है, तत्संबंधी निर्देशानुसार कार्यवाही करें, उक्त कार्य नियत समयावधि में किया जावे । चारो जोन प्रभारी एवं समस्त वार्ड प्रभारी को खाली प्लाटो पर कचरा फैलाने वाले का सर्वे कर किया जाने के निर्देश दिये गये थे, दिनांक 19–2–2022 को 10–10 प्लाटों की सूची प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही–चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी )

4– जी0पी0एस0 मानिटरींग, टेलीफोन नं0 14420, पर दर्ज शिकायते, वाकी–टाकी पर प्राप्त संदेश नोट करने एवं तदनुसार फालो–अप लेने हेतु श्री सौरभ काला को दायित्व सौपा गया है । तदनुसार कार्यवाही करें तथा निगम के समस्त वाहनो को पूरे समय चेक करे, एवं तत्संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही श्री सौरभ काला)

5– प्लास्टिक प्रतिबंध – समीक्षा के दौरान शासन आदेश अनुसार प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सामग्री के विरूद्ध कार्य करना है, उक्त आदेश अनुसार कार्यवाही की जावे, तथा प्रतिदिन जानकारी चारो जोन प्रभारी प्रतिदिन ग्रुप में डाले ।

(कार्यवाही, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी )

6– अपने–अपने कार्य क्षेत्रान्तर्गत खुले में पेशाब करने वाले के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करें, स्पाट फाईन करे, जिस वार्ड/क्षेत्र में खुले में मल/मूत्र त्याग करते पाया जाने पर उस क्षेत्र के जोन प्रभारी, एवं वार्ड दारोगा तथा वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षणकर्ता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी, तथा 7–7– दिन का वेतन काटा जावेगा । यूरीनल हेतु शहर में स्थान चयन करे, वहां 20–25 अस्थायी यूरिनल क्रय कर स्थापित करें ।

(कार्यवाही, श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री एवं चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

7– सी0एण्ड डी0 वेस्ट – इस कार्य हेतु टेलीफोन नंबर जारी करें ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, कार्यपालन यंत्री)

8– जीन क्षेत्रो में अभी भी जी0वी0पी है, उनकी सूची दिनांक 19–2–2022 को प्रस्तुत करें, तथा उन्हे तत्काल बन्द किये जावे, दिनांक 21–2–2022 से जिस क्षेत्र में जी0वी0पी0 पाया जावेगा उस क्षेत्र का जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाकर 7–7– दिन का वेतन काटा जावेगा ।

(कार्यवाही, श्री एस0पी0आचार्य प्र0स्वा0अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

9– सिटी ब्यूटिफिकेशन के संबंध में प्रत्येक वार्ड में एक–एक स्थान का चयन कर प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मो0हनीफ शेख, प्र0कार्यपालन यंत्री)

10— नगर निगम में कार्यरत समस्त कर्मचारियों के आवास पर होम कम्पोस्टिंग कराया जावे ।

(कार्यवाही— समस्त विभाग प्रमुख, श्री शशांक एवं एच0एम0एस0 सदस्य)

11— सी0टी0/पी0टी0 की सफाई एवं धुलाई निरन्तर करवाते रहे, उक्त कार्य की निरन्तर मानिटरींग चारो जोन प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी करते रहे । सी0टी0/पी0टी0 में आवश्यक मरम्मत, पुताई, नलो में टोटियां प्रकाश व्यवस्था, जहां पानी भरने की व्यवस्था नहीं है, वहां व्यवस्था करना यदि शेष हो तो तत्काल कराई जावे । जिस क्षेत्र में सी0टी0/पी0टी0 गन्दा पाया जावेगा उस क्षेत्र के जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं नोडल अधिकारी के विरूद्व अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी । सी0टी0/पी0टी0 पर एक कर्मचारी की ड्यूटी प्र0स्वास्थ्य अधिकारी लगावे ।

(कार्यवाही श्री सुरेश व्यास, श्री मो0 हनीफ शेख,प्र0 कार्यपालन यंत्री, श्री एस0पी0 आचार्य प्र0 प्रकाश विभाग, चारो जोन प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी)

12— डोर—टू—डोर कचरा संग्रहण वाहन निर्धारित रूट पर एवं नियमित रूप से चलाये जावे, शिकायते प्राप्त न हो ।

(कार्यवाही श्री मो0 हनीफ शेख,प्र0 कार्यपालन यंत्री, श्री एस0पी0 आचार्य प्र0 स्वा0अधिकारी, चारो जोन प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी)

13— वार्ड हेतु नियुक्त समस्त नोडल अधिकारीप्रतिदिन प्रातः 8—00 बजे निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करें, उपस्थिति/अनुपस्थिति की जानकारी ग्रुप में डाले ।

14— नगर निगम के समस्त कर्मचारियों का अवकाश आयुक्त द्वारा ही स्वीकृत किया जावेगा, बिना सूचना के कोई भी कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही समस्त विभाग प्रमुख एवं अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी)

समस्त अधिकारी कर्मचारी जिन्हे दायित्व सौपा गया है, वह कार्य नियत समयावधि में पूर्ण करें ।

उपरोक्तानुसार एवं चर्चा के दौरान दिये गये अन्य निर्देशों का समस्त संबंधित पालन सुनिश्चित किया जाना सुनिश्चित करें ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम,रतलाम

पृ0क्र0/ 272 /सा0प्र0/2022 दिनांक 18—2—2022
प्रतिलिपि :—

1— कलेक्टर एवं प्रशासक, नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर सुचनार्थ ।
2— समस्त विभाग प्रमुख, नगरपालिक निगम, रतलाम ।
3— सर्व संबंधित श्री —————————————नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर पालनार्थ प्रेषित ।

18/2/22
आयुक्त,
नगरपालिक निगम, रतलाम